राजस्थान पत्रिका, पेज नंबर :- ०२

दिनांक :- २२ | ०५ | २०२६

आमजन से किया मेट्रो के उपयोग का अनुरोध

प्रभारी डीजीपी ने किया मेट्रो ट्रेन में सफर, परखी सुरक्षा व्यवस्था

गांधीनगर. मेट्रो ट्रेन में बुधवार को सफर के दौरान यात्रियों से बातचीत करते प्रभारी पुलिस महानिदेशक डॉ. के. एल. एन. राव।

गांधीनगर @ पत्रिका. राज्य के प्रभारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डॉ. के. एल. एन. राव ने बुधवार सुबह राणिप मेट्रो स्टेशन से गांधीनगर तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उन्होंने मेट्रो स्टेशनों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास प्वाइन्ट, सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क, मेटल डिटेक्टर और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का बारीकी से निरीक्षण किया।

डॉ. राव ने कहा कि उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के देश में ईंधन बचाने के लिए किए गए आह्वान को प्रोत्साहित करना और मेट्रो स्टेशनों की सुरक्षा का निरीक्षण करना था। उन्होंने कहा कि ऑफिस कर्मचारी, विद्यार्थी, व्यापारी और यात्री निजी वाहनों के बजाय अधिकतम मेट्रो ट्रेन सहित सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का उपयोग करें।

प्रभारी डीजीपी ने जानकारी दी कि अहमदाबाद मेट्रो शुरू होने के समय सालाना यात्रियों की संख्या लगभग 2.5 करोड़ थी, जो इस वर्ष बढ़कर लगभग 5 करोड़ तक पहुंच गई है। यह दर्शाता है कि अहमदाबाद और गांधीनगर के नागरिकों के लिए मेट्रो अब पसंदीदा यात्रा माध्यम बन चुकी है।

यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता

यात्रा के दौरान डॉ. राव ने यात्रियों से बातचीत कर मेट्रो की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विशेष रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कहा कि मेट्रो में देर रात यात्रा के दौरान या किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। डॉ. राव ने नागरिकों से अपील की कि वे मेट्रो समेत सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का अधिकतम उपयोग करें व यातायात व प्रदूषण को कम करने में सहयोग दें।